MINILAND CONVENT SCHOOL

"New Building Miniland Bhawan" NEW SHIVPURI HAPUR - 245101(U.P.) INDIA
Contact Links: M.: 9219444936, 9897999597, T.: 0122-2312130
E-mail: www.minilandconventschool@gmail.com

24.11.2020

सेवा में,
ब्यूरो चीफ

कार्यालय, हापुड

मान्यवर,
कृपया निम्न विज्ञप्ति अपने सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने की कृपा करें।

धन्यवाद

प्रेस रिपोर्ट

मिनीलैण्ड काण्वेंट स्कूल में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, हापुड़ द्वारा 20 नबम्वर से 26 नबम्वर तक **''महिला सशक्तिकरण व बाल सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन''** आदि से संबंधित एक विशिष्ट कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि राकेश शर्मा (सब–इंस्पेक्टर ट्रैफिक पुलिस) द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। इस कार्यक्रम में उन्होंने सड़क सुरक्षा एवं नारी शक्ति के विषय में बताया। मिशन नारी शक्ति छह माह (शारदीय नवरात्र व बासन्तिक नवरात्र) का अभियान है जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश के सभी थानों में पांच से छह महिला हेल्पलाइन नम्बर – 1090 वीमेन पॉवर, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन आदि के विषय में बताया। सड़क सुरक्षा के बारे में बताते हुए कहा कि हैलमेट लगाना सभी के लिए अनिवार्य है, **''हैलमेट पहनना है जरूरी – मत समझो मजबूरी''।** NIC (National Information Centre) के बारे में भी बताया, कार में जाते वक्त सीट बैल्ट लगाना आवश्यक है। High Security Number Plates के बारे में भी जानकारी दी। सडक सुरक्षा चिन्हों के बारे में भी बताया। औरतों को अत्याचार व अनाचार सहन नही करना चाहिए, उन्हें जागरूक रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका ऋतु शर्मा द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में सुभाष खुराना, ऋचा शर्मा और सभी शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।